Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Demand to take adequate measures to control erosion of Ganga river in Jangipur Parliamentary Constituency, West Bengal.

श्री खलीलुर रहमान (जंगीपुर): महोदय, गंगा नदी हमारी जातीय नदी है । हमारा जंगीपुर लोक सभा एरिया गंगा के साथ लगा हुआ है । यहां हजारों आदमी रोज पूजा करते हैं और खेती के लिए पानी भी यूज करते हैं । गंगा नदी के साथ लगे हुए कई गांव, शहर, मंदिर, मस्जिद, स्कूल, श्मशान घाट, कब्रिस्तान, ईदगाह आदि हैं । हमारे जंगीपुर एरिया के साथ फरक्का, शमशेरगंज, लाल गोला ब्लॉक में हर साल गंगा का इरोजन हो रहा है । उसमें हजारों घरों के साथ खेती की जमीन, मंदिर, मस्जिद, स्कूल, श्मशानघाट और कब्रिस्तान भी क्षतिग्रस्त हो रहे हैं और पानी में बह जाते हैं । हर साल हजारों आदमी घर से बेघर हो रहे हैं । मैंने आपके माध्यम से लास्ट ईयर सरकार को इस विषय में सूचित किया था । हमारे प्रधान मंत्री जी का जो सपना है 'सबका साथ, सबका विकास' उसी के साथ मैं एक बार फिर आपके माध्यम से सरकार से स्ट्रांग्ली मांग करता हूं कि गंगा नदी में जो इरोजन हो रहा है, उसका स्थायी समाधान जल्द से जल्द निकाला जाए और साथ ही क्षतिग्रस्त आदमियों को सहायता दी जाए ।